बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 :–03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(सीतामढ़ी)–09 / 2024..6020 पटना, दिनांक :–29/08/2025

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक 644 दिनांक 24.07.2024 द्वारा मो0 सैयद महबूब रेजा साबरी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (SKN00877) के विरूद्ध नियमानुकूल कार्य नहीं करने एवं त्रुटिपूर्ण कार्य करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 13261 दिनांक 09.08.2024 द्वारा मो0 साबरी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण पर बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य सहित अनुशंसा की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 424 दिनांक 14.05.2025 द्वारा मंतव्य सहित अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है। साथ ही बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 287 दिनांक 26.03.2025 द्वारा मो0 साबरी के संबंध में दिनांक 17.02.2025 से पद त्याग करने के फलस्वरूप त्याग पत्र स्वीकृति की अनुशंसा भी की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप / मंतव्य एवं मो0 साबरी से प्राप्त स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया है। इनके द्वारा गलतियों की पुनरावृत्ति नही करने एवं व्यक्तिगत आचरण तथा कार्य के प्रति समर्पित रहने का दिए गए आश्वासन के फलस्वरूप बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा इन्हें आरोप मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है। साथ ही दिनांक 17.02.2025 से इनके त्याग पत्र स्वीकृति की भी अनुशंसा की गयी है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में मो0 साबरी को स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए दिनांक 17.02.2025 से त्याग पत्र स्वीकृत किया जाता है।

29/8

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(सीतामढ़ी)–09 / 2024.6020 **पटना, दिनांक** :– 29/08/2025

प्रतिलिपि :– मो0 सैयद महबूब रेजा साबरी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (SKN00877), बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(सीतामढ़ी)–09 / 2024.6020 **पटना, दिनांक** :– 29/08/2025

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आ0(सीतामढ़ी)–09 / 2024.6020 **पटना, दिनांक** :– 29/08/2025

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्राम, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित कर्मी के डिजिटल संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

29/8

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप